# स्टार्ट-अप व एमएसएमई इकाइयां भी पाएंगी रक्षा-एयरोस्पेस नीति का लाभ

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने रक्षा तथा एयरोस्पेस क्षेत्र में पहली बार काम करने की इच्छुक स्टार्ट-अप व एमएसएमई इकाइयों को भी यूपी रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2019 के अंतर्गत लाभ देने का फैसला किया है।

**सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन नीति में संशोधन को दी मंजूरी**

इसके लिए नीति में पहला संशोधन करने से संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है।

सूत्रों ने बताया कि स्टार्ट अप व एमएसएमई इकाइयों को लाभ देने के लिए नीति के प्रस्तर-3.3 (2) आई, में संशोधन किया गया है। अब स्टार्ट-अप व एमएसएमई इकाइयों को भी भूमि का आवंटन किया जा सकेगा। आवंटित भूमि का उपयोग कंपनी नीति के अंदर परिभाषित रक्षा-एयरोस्पेस क्षेत्र से संबंधित सामग्री व साजो-सामान तैयार कर आपूर्ति करने या भविष्य में करने में कर सकेगी। इसका साक्ष्य इकाई शुरू होने पर देना अनिवार्य होगा। ऐसा न किए जाने पर भूमि का पट्टा निरस्त कर दिया जाएगा। ब्यूरो